Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:53 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:59 बजे

# सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 218 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 21 फरवरी 2026

लड़ाई तब होती है जब दो लोग...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### मौसम खुला तो मैदान से लेकर पहाड़ तक चढ़ा पारा

देहरादून। दो दिन बाद प्रदेशभर में मौसम खुला तो तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। खासकर मैदानी इलाकों में दिन के समय गर्मी का अहसास हुआ। शनिवार को भी प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो शुक्रवार को दून में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री इजाफे के साथ 28.2 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि रात का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से सामान्य से दो डिग्री बढ़ोतरी के साथ 11.6 डिग्री रहा। ऐसा ही हाल प्रदेश के अन्य इलाकों में भी रहा। आने वाले दिनों की बात करें तो रविवार से एक बार फिर प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा।

### उत्तराखंड में अप्रैल से शुरू होगा विशेष गहन पुनरीक्षण

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को सचिवालय में सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक में स्पष्ट किया गया कि निर्वाचन कार्यों में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में राज्य के 77 प्रतिशत बूथों पर बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) की तैनाती हो चुकी है। इसे शत-प्रतिशत करने के लिए उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि राजनीतिक दलों के साथ दोबारा बैठक कर बीएलए की नियुक्ति प्रक्रिया को जल्द पूरा करें। सभी जिलों में बूथ अवेयरनेस ग्रुप (बीएजी) का गठन तत्काल सुनिश्चित किया जाए। जिलों में स्थापित एसआईआर हेल्पडेस्क पर अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की जाए ताकि कार्यों में तेजी आए। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्र, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी सहित सभी जनपदों के जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी और ईआरओ वर्चुअली मौजूद रहे।

# सीडीएस जनरल अनिल चौहान आज श्रीनगर दौरे पर

श्रीनगर गढ़वाल
हमारे संवाददाता

देश के सीडीएस जनलर अनिल चौहान का आज श्रीनगर गढ़वाल के दौरे पर हैं, जहां वह छात्रों से संवाद करेंगे।

देश के सीडीएस जनलर अनिल चौहान श्रीनगर गढ़वाल के दौरे पर पहुंचे हैं। सीडीएस ने हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के चौरास परिसर में एनसीसी कैडेड द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर ग्रहण किया। वह अपनी पत्नी अनुपमा चौहान के साथ कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे हैं। कोतवाली निरीक्षक कीर्तिनगर संजय मिश्रा ने बताया कि सीडीएस हेलीपैड



से सीधे कार्यक्रम स्थल विवि प्रेक्षागृह में पहुंचे। वह यहां छात्रों व शिक्षकों से संवाद करेंगे। करीब दो घंटे तक चलने वाले इस कार्यक्रम के बाद वह मेडिकल कॉलेज पहुंचेंगे। कोतवाली निरीक्षक श्रीनगर कुलदीप कुमार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में होने वाले कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस एवं प्रशासन की ओर से सुरक्षा व अन्य तैयारियां पूरी की गई हैं। कोतवाली निरीक्षक कीर्तिनगर संजय मिश्रा ने बताया कि सीडीएस हेलीपैड

### सीडीएस के पैतृक गांव गवाणा में भी उत्साह

सीडीएस जनरल अनिल चौहान के पैतृक गांव के ग्रामीणों में भी सीडीएस के श्रीनगर दौरे से उत्साहित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हालांकि सीडीएस का गांव आने का कार्यक्रम नहीं है, लेकिन ग्रामीण उनके इस दौरे से उत्साहित हैं। ग्राम प्रधान अनूप कपरवाण ने बताया कि गांव के लोग श्रीनगर में उनसे मिलने पहुंचे और गांव की मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि गांव में अभी पानी व रास्तों की समस्या बनी हुई है। धनकूला स्रोत से आने वाली पेयजल लाइन बरसात में टूट गई थी, जो अभी तक नहीं बन पाई है। लाइन को प्लास्टिक पाइप से जोड़कर ही ग्रामीणों को पानी उपलब्ध हो रहा है। कहा सड़क के सीडीएस के पैतृक घर तक इंटरलॉकिंग टाइल्स का रास्ता बनाने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा।

से सीधे कार्यक्रम स्थल विवि प्रेक्षागृह में पहुंचे। वह यहां छात्रों व शिक्षकों से संवाद करेंगे। करीब दो घंटे तक चलने वाले इस कार्यक्रम के बाद वह मेडिकल कॉलेज पहुंचेंगे। कोतवाली निरीक्षक श्रीनगर कुलदीप कुमार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में होने वाले कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस एवं प्रशासन की ओर से सुरक्षा व अन्य तैयारियां पूरी की गई हैं।

सुप्रीम फैसले पर तिलमिलाए ट्रंप, सभी देशों पर 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्क का ऐलान

# व्यापार समझौते में कोई बदलाव नहीं: राष्ट्रपति ट्रंप

नई दिल्ली
एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा वैश्विक टैरिफ को अवैध ठहराए जाने के बाद भी अपने रुख में बदलाव से इनकार किया। उन्होंने 150 दिनों के लिए 10 प्रतिशत अस्थायी आयात शुल्क लगाने का आदेश जारी किया।

ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ व्यापार समझौते में कोई बदलाव नहीं होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी अपनी टैरिफ नीति से पीछे हटने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ को अवैध करार देकर उसे हटाने का आदेश दिया, लेकिन ट्रंप ने तुरंत 10 प्रतिशत ग्लोबल टैरिफ लगाने का एलान कर दिया। व्हाइट हाउस में मीडिया से बात करते हुए जब ट्रंप से भारत के साथ व्यापार समझौते पर ग्लोबल टैरिफ के असर को लेकर सवाल किया गया तो ट्रंप ने साफ कहा कि भारत के साथ व्यापार समझौते में कुछ नहीं बदलेगा। ट्रंप का ग्लोबल टैरिफ 24 फरवरी से लागू होगा और फिलहाल यह 150



दिनों तक लागू रहेगा। उसके बाद अमेरिकी संसद में इस पर प्रस्ताव लाया जाएगा और फिर अमेरिकी संसद तय करेगी कि इसे आगे बनाए रखना है या नहीं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ को अवैध ठहराने के बाद और उसके बाद ट्रंप द्वारा 10 प्रतिशत ग्लोबल टैरिफ लगाने के बाद अब सवाल उठता है कि भारत पर कितना टैरिफ लगेगा? सीएनबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक अब भारत पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। कई देशों पर 10 प्रतिशत से ज्यादा टैरिफ था, जिनमें यूरोपीय संघ पर 15 प्रतिशत, जापान पर 15 प्रतिशत, ब्रिटेन पर 10 प्रतिशत और भारत पर 18 प्रतिशत। अब ग्लोबल टैरिफ के बाद इन सभी देशों पर टैरिफ घटकर 10 प्रतिशत हो जाएगा। इस तरह भारत पर भी अब 18 के बजाय 10 प्रतिशत टैरिफ ही लागू होना चाहिए। हालांकि अभी इसे लेकर आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ घोषित अंतरिम व्यापार समझौते में कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि कुछ नहीं बदलेगा। भारत टैरिफ देगा और हम नहीं देंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने संबंधों को बहुत अच्छा बताया। हाल ही में अमेरिका ने भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत दंडात्मक टैरिफ हटाए थे और नए ढांचे के तहत इसे घटाकर 18 प्रतिशत करने की बात कही थी।

# 24 फरवरी को बनभूलपुरा बनाम रेलवे प्रकरण एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

बनभूलपुरा क्षेत्र से जुड़ा बहुचर्चित बनभूलपुरा बनाम रेलवे प्रकरण एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। मामले की अगली सुनवाई आगामी 24 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया में निर्धारित की गई है। अधिकृत वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह मामला मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सूचीबद्ध है। इस खबर के सामने आते ही क्षेत्र में हलचल तेज हो गई है और सभी पक्षों की निगाहें अब शीर्ष अदालत की कार्यवाही पर टिक गई हैं। बताया गया है कि इस महत्वपूर्ण सुनवाई में मुख्य न्यायाधीश के साथ न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली भी शामिल रहेंगे। तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष होने वाली सुनवाई को मामले की दिशा तय करने वाला माना जा रहा है। गौरतलब है कि बनभूलपुरा क्षेत्र में रेलवे भूमि को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है, जिसने सामाजिक और प्रशासनिक स्तर पर व्यापक चर्चा को जन्म दिया है। हालांकि इस ममले में 11 पिटिशनरों याचिका दायर की है इस मध्य पुलिस भी सुरक्षा की दृष्टि से अपनी पहली निगाह बनाए हुए हैं वहीं खोपिया तंत्र भी अपनी पैनी निगाह कायम रखे हुए हैं। अदालत की कार्यसूची में इस प्रकरण को क्रम संख्या 36 पर रखा गया है। सूची में स्थान स्पष्ट होने के बाद संबंधित पक्षों की तैयारियां तेज हो गई हैं। स्थानीय नागरिकों, प्रशासन और रेलवे विभाग—सभी की नजरें अब 24 फरवरी की सुनवाई पर टिकी हैं। माना जा रहा है कि इस सुनवाई से आगे की प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण संकेत मिल सकते हैं, जिससे हल्द्वानी और बनभूलपुरा क्षेत्र के भविष्य पर असर पड़ सकता है।





# तेज रफ्तार थार ने बुलेट को मारी टक्कर, युवक गंभीर

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

थाना चोरगलिया क्षेत्र अंतर्गत लछमपुर चौराहे के पास सुबह एक तेज रफ्तार थार वाहन ने बुलेट मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। ग्राम किशनपुर रैकवाल निवासी दीपक बेलवाल पुत्र चन्दन बेलवाल प्रातः लगभग 08:15 बजे अपनी बुलेट मोटरसाइकिल से घर से हल्द्वानी की ओर जा रहे थे। घर से कुछ ही दूरी पर लछमपुर चौराहे के पास लिंक रोड कैनाल के समीप सामने से आ रही थार ने कथित रूप से तेज गति व लापरवाही से उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की दीपक बेलवाल को गंभीर चोटें आई हैं तथा उनकी मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि थार वाहन चालक विवेक रावत तेज एवं लापरवाही से वाहन चला रहा था। घटना के संबंध में पीड़ित द्वारा थाना चोरगलिया में तहरीर देकर आरोपी चालक के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस के अनुसार मामले में तहरीर के आधार पर आरोपी तर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही थार चालक पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# राष्ट्रपति भवन में लूला दा सिल्वा का औपचारिक स्वागत; पीएम के साथ होगी बैठक

ब्राजील
एजेंसी

ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा और पीएम मोदी आज नई दिल्ली में मुलाकात करेंगे। इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर मुहर लग सकती है। लूला दा सिल्वा प्रधानमंत्री मोदी के न्योते पर भारत आए हैं। वे 18-22 फरवरी तक भारत के राजकीय दौरे पर हैं।

एक न्यूज चैनल से बातचीत में लूला दा सिल्वा ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार सिर्फ 15 अरब डॉलर है, जिसे 30-40 अरब तक बढ़ाना चाहिए। वे 260 ब्राजीलियाई व्यवसायियों के साथ आए हैं ताकि अंतरिक्ष, रक्षा, फार्मा जैसे क्षेत्रों में साझेदारी हो। वहीं ब्राजील की प्रमुख एयरोस्पेस कंपनी एम्ब्रेयर भारत में



प्लांट भी खोलेगी। आज पीएम मोदी और ब्राजीली राष्ट्रपति के बीच होने वाली द्विपक्षीय बैठक में क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ्स पर एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। यह समझौता दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी का एक प्रमुख हिस्सा है, जो ग्लोबल सप्लाई चेन में चीन की निर्भरता कम करने, ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन को सपोर्ट करने और विकासशील देशों की आवाज को मजबूत करने पर केंद्रित है। ब्राजील दुनिया के दूसरे सबसे बड़े रेयर अर्थ रिजर्व वाला देश है। जिसके पास लगभग 21 मिलियन मीट्रिक टन का विशाल भंडार है।

राष्ट्रपति भवन में ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने-अपने देशों के मंत्रियों और प्रतिनिधिमंडल से एक-दूसरे का परिचय कराया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा का राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया गया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। बता दें कि, ब्राजीली राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा आज प्रधानमंत्री मोदी से भी मुलाकात करेंगे। इस दौरान भारत-ब्राजील के बीच व्यापार समझौते पर मुहर लग सकती है।

पीएम मोदी और राष्ट्पति लूला दा सिल्वा की मुलाकात दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

# भवाली-रातीघाट-बाईपास में जाम से मिलेगी निजात

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता



नैनीताल-ऊधमसिंहनगर के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट द्वारा शुक्रवार को नैनीताल जिले के भवाली बाईपास पर 546.75 लाख की लागत से बन रहे नव निर्मित पुल के साथ ही कैंचीधाम बाईपास का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कैंचीधाम में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया जिसमें 39 करोड़ की लगता से बनाई जा रही वाहन पार्किंग एव अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी अधिकारियों से ली।

उन्होंने कहा कि मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत कैंचीधाम में बहुमंजिला पार्किंग आदि बन जाने से श्रद्धालुओं को पार्किंग सुविधा का लाभ मिलेगा साथ ही भवाली-अल्मोड़ा हाईवे पर लगने वाले जाम से भी बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि भवाली- रातीघाट- बाईपास के निर्माण से भी यातायात सुगम और सुविधाजनक हो जाएगा है जिससे कुमाऊं के पहाड़ी इलाकों को जाने वाले आम जनमानस को जाम से निजात मिलेगी। इस दौरान उन्होंने कैंची धाम में बन रही बहुमंजिला पार्किंग के कार्यों को पूरी गुणवत्ता एव मानकों के अनुसार कार्य करने के निर्देश कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में कोई भी कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी। इस दौरान श्री भट्ट स्थानीय लोगों से भी मिले। इसके उपरांत उन्होंने बाबा नीम करौरी के भी दर्शन किए। निरीक्षण के दौरान सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत, पूर्व चैयरमैन भवाली संजय वर्मा समेत भावना मेहरा,शिवांशु जोशी, प्रकाश आर्या, हिमांशु बिष्ट, आशु चंदोला, अखिलेश सेमवाल, नीरज बिष्ट, शुभम कुमार, वैभव आनंद, धीरज तिवाड़ी, मदन मोहन सिंह कैड़ा, उपजिलाधिकारी मोनिका समेत ईई लोक निर्माण विभाग कृष्ण कुमार तथा रत्नेश सकसेना आदि मौजूद रहे।

## NEWS / फटाफट

### उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षाएं आज से

**नैनीताल** । नैनीताल के परगना मजिस्ट्रेट नवाजिश खलीक ने बताया कि जनपद में उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर द्वारा आयोजित परिषदीय की हाईस्कूल तथा इण्टरमीडियट परीक्षाएं 21 फ रवरी से शुरु हो रही हैं जो आगामी 20 मार्च 2026तक परीक्षा केन्द्रो में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि उपरोक्त परीक्षाओं को सुचारू एवं शन्तिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने हेतु उचित प्रशासनिक एंव पुलिस कानून व्यवस्था बनाये जाने हेतु नैनीताल के भाशसैइंका, सीआरएसटीइंका,मोलासाबाविमइंका,राइंका ज्योलीकोट, गोबपंइंका भवाली, राकइंका भवाली, राइंका मंगोली तथा राइंका बगड में धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू किया जाता है। उन्होंने कहा कि अवांछित तत्व उक्त परीक्षाओं के दौरान शान्ति व्यवस्था की स्थिति को भंग करने का प्रयास ना करें जिस कारण उक्त परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र के आस.पास लगभग 0200 मीटर की परिध में कानून एवं शान्ति व्यवस्था की स्थिति बनाये रखने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा उद्घोषणा की जानी आवश्यक है।

### राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी ने किया पौधरोपण

**नैनीताल** । राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान आज 585वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 585वें दिन पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में पौधारोपण किया। डीडीहाट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुनील शाह ने कहा कि पौधारोपण करना सबसे बड़ा कार्य है। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

### तीन दिनी नव वर्ष लोसर धूमधाम से मनाया



**नैनीताल**। तिब्बती समुदाय की ओर से तीन दिनी नव वर्ष लोसर का शुक्रवार को भव्य समापन हो गया। लोसर के तीसरे दिन प्रात:10 बजे सभी पारंपरिक तिबबबती वस्त्र पहनकर पूरे परिवार के साथ सुख निवास स्थित बौद्ध मठ में एकत्र हुए। सामूहिक पूजा में स्थानीय तिबबती समुदाय के वरिष्ठ सदस्य तुल्कु लांगदोंग रिनपोछे, तिबबती मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष येशी थुप्तेन, तिबबती संघर्ष समिति के सचिव तेनजिन धोनयोए, तेनजिन छिरींग, स्थानीय तिबबती युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष टाशी तोपग्याल, कुंगा छौडोन, स्थानीय तिबबती महिला संगठन के अध्यक्ष केलसंग छूकी, सचिव रिंजिन छोएजोम समेत ल्हाकपा गयालपो, पेमा छोमफेल, छिरींग तोपग्याल, रिंचेन नमगयाल, निर्मल सिंह भोटिया, पान सिंह भोटिया, तेनजिन गादेन, तेनजिन थिगा, छिरींग पेलकी, तेनजिन नॉर्जोम, केलसंग वांगमो, केलसंग यांगडोन, छिरींग डोल्मा, टाशी डोल्मा, गुंडुली, निर्मला देवी, डोल्मा खिमाल और पासंग खिमाल आदि मौजूद रहे ।

### अतिक्रमण हटाने को चलेगा विशेष अभियान

**हल्द्वानी**। शहर को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए प्रशासन ने बड़ा कदम उठाने का निर्णय लिया है। सड़कों और फुटपाथों पर बढ़ते अतिक्रमण को हटाने के लिए जल्द ही विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। इस संबंध में शुक्रवार को नगर निगम सभागार में पुलिस, प्रशासन और नगर निगम अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में तय किया गया कि अतिक्रमण हटाने के लिए एक संयुक्त टीम गठित की जाएगी, जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर सड़कों के फुटपाथों पर किए गए कब्जों को हटाएगी। साथ ही निजी भूमि की सीमा से बाहर बनाए गए रैंप और अवैध निर्माणों के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय शिकायत एप्लिकेशन में अतिक्रमण संबंधी शिकायत दर्ज कराने का विशेष विकल्प जोड़ा जाएगा। इससे लोग सीधे तौर पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे और त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी। प्रशासन ने नैनीताल रोड और कालाढूंगी रोड पर सड़क चौड़ीकरण के बाद व्यवस्थित फुटपाथ निर्माण की योजना भी बनाई है, ताकि यातायात सुगम हो और पैदल यात्रियों को सुरक्षित मार्ग मिल सके। अस्पतालों के बाहर लगने वाले जाम की समस्या को देखते हुए संबंधित संस्थानों को दो-दो गार्ड तैनात करने के लिए पुलिस द्वारा नोटिस जारी किए जाएंगे।



# सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर किया प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

शहीद श्री खेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार विद्यालंकार द्वारा की गई। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस के शिविर हमें समाज के प्रति संवेदनशील बनाते हैं। आगामी शिविरों में प्रतिभाग के लिए उत्साहित किया। प्रथम सत्र में स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर की साफ़. सफ़ाई की तथा परिसर में लगे पौधों की गुड़ाई की द्वितीय सत्र में एनएसएस सदस्य डॉ निर्मला ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती के अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया ।

प्रतियोगिता के निर्णायक मडंल की भूमिका में डॉ. ईप्सिता व डॉ. दीपक रहे। प्रतियोगिता में छाया, बबीता, निधि तिवारी, उर्मिला तथा आरती ने प्रतिभाग किया।

# नैनीताल में छात्र-छात्राओं ने पिछौड़ा बनाने का प्रशिक्षण लिया

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

माता जिया रानी महिला अध्ययन केंद्र कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में छात्र-छात्राओं ने पिछौड़ा बनाने का प्रशिक्षण लिया। इस दौरान माता जिया रानी महिला अध्ययन केंद्र में केयूआईआईसी की टीम द्वारा पारंपरिक कला पिछौड़ा बनाने पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में केयूआईआईसी की टीम की प्रो. गीता तिवारी और डॉ. पेनी जोशी के मार्गदर्शन में छात्र छात्राओं को पिछौड़ा बनाने की बारीकियां सिखाई गईं।

कार्यक्रम में 60 से अधिक छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पारंपरिक डिज़ाइन, रंग संयोजन तथा बनाने की तकनीक को व्यावहारिक रूप से जाना। डॉ किरन तिवारी ने बताया कि पिछौड़ा कुमाऊँ की सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसे संरक्षित करना समय की आवश्यकता है।

प्रोफेसर नीता बोरा शर्मा माता जिया रानी महिला अध्ययन केंद्र की निदेशक हैं जिनके संरक्षण में रंग .वाली पिछौड़ा की सफल प्रशिक्षण का कार्य भी विगत वर्ष से किरन तिवारी और उनकी टीम के द्वारा सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर राकेश, सचिन, सरिता और निकिता भी उपस्थित रहे।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# कुमाऊं विवि नैनीताल के पूर्व क्रीड़ाधिकारी प्रो.जी.एल.साह नहीं रहे

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता



कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के क्रीड़ाधिकारी व डीएसए नैनीताल के महासचिव रहे प्रो. घनश्याम लाल साह का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है । वे अपनी पत्नी प्रतिभा साह के इलाज के लिये दिल्ली गए थे ।

बताया गया है कि बीरवार की शाम उन्हें दिल्ली में हार्ट अटैक हुआ । वे करीब 80 वर्ष के थे । प्रो. साह डीएसए के साथ ही शारदा संघ, श्रीरामसेवक सभा तथा न्यू कलब सहित कई अन्य संगठनों से भी जुड़े थे। हॉकी,फुटबॉल तथा क्रिकेट तथा लॉन टेनिस सहित कई अन्य खेलों में उन्हें महारथ हासिल थी ।

उनके एक पुत्र सेना में कैप्टन थे जो सेवा के दौरान लापता हो गए थे जबकि दूसरे पुत्र भाष्कर साह भी सेना में कर्नल हैं । स्व.घनश्याम लाल साह का पार्थिव शरीर शुक्रवार को दिल्ली से नैनीताल लाया गया और अपराह्न में उनका पाइंस स्थित श्मशान घाट में दाह संस्कार कर दिया गया ।उनके निधन पर कई संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

कूटा के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी, पूर्व विधायक डॉ.नारायण सिंह जंतवाल समेत कुमाऊँ विवि परिवार, श्री रामसेवक सभा, डीएसए, शारदा संघ तथा सीआरएसटी ओल्ड बवाईज व न्यू कलब के पदाधिकारियों सहित अन्य ने उनके निधन पर दु:ख व्यक्त किया है ।

# बहुउद्देशीय शिविर का 260 लोगों ने लिया फायदा

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

जन जन की सरकार- जन-जन के द्वार अभियान के तहत शुक्रवार को विधायक नैनीताल सरिता आर्या की अध्यक्षता में तथा उपजिलाधिकारी नवाजिश खलिक के संचालन में सीआरएसटी इंटर कॉलेज नैनीताल में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर में कुल 18 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर का 260 लोगों द्वारा लाभ लिया गया।

शिविर में नगर पालिका नैनीताल के तहत स्टानले कमाउंड, रामलीला मैदान सात नंबर,स्टाफ हाउस क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट, पेयजल, मार्ग सुधारीकरण की मांग क्षेत्र से आए लोगों द्वारा प्राथमिकता से रखी गई। इस संबंध में उपजिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। शिविर में पुराना घोड़ा स्टैंड में महिला समूहों हेतु पूर्व में बनाई गई दुकानों जो सड़क



चौड़ीकरण में हट गई थी पुनरूनिर्माण करने की मांग की गई इस संबंध में ईओ नगर पालिका को कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त शिविर में पेयजल एवं विद्युत आदि से संबंधित समस्या प्राप्त हुई जिनके निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देश दिए गए।शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा उपस्थित जनता को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा अपने अपने स्टालों के माध्यम से योजनाओं का लाभ जनता को प्रदान किया गया। शिविर बाल विकास विभाग द्वारा 8 लाभार्थियों को मुखयमंत्री महालक्ष्मी किट प्रदान किए गए। शिविर में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नैनीताल रोहिताश शर्मा, सदस्य मंडी परिषद मनोज जोशी, भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन कार्की,दयाकिशन पोखरिया सहित विभिन्न जन प्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक व विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# अभिमत

## आर्थिक असुरक्षा

*अर्थव्यवस्था की प्रगति के बारे में सरकार के दावे आम आदमी अपनी दैनिक जिंदगी के पैमाने पर परखता है। विश्व का हर चौथा व्यक्ति आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। परिवार के लिए भोजन, आवास और रोजगार से किसी व्यक्ति की आर्थिक स्थिति का आकलन किया जाता है। अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल से लोग महंगाई और मंदी से भयभीत हैं। भारत कम आय वाले देशों की श्रेणी में है, यहां महंगाई तथा बेरोजगारी हमेशा से गंभीर समस्या रही है और वर्तमान में रोजगार के लिए करोड़ों लोग भटक रहे हैं।*

विश्व के कई देश हिंसाग्रस्त हैं। युद्ध के कारण दुनियाभर के ज्यादातर देश सुरक्षा के प्रति चिंतित हैं। एक अध्ययन के अनुसार आर्थिक असुरक्षा वर्तमान की सबसे गंभीर समस्या है। दुनिया के शक्तिशाली देशों के सामने भी मंहगाई और बेरोजगारी की चुनौती है। अर्थव्यवस्था की प्रगति के बारे में सरकार के दावे आम आदमी अपनी दैनिक जिंदगी के पैमाने पर परखता है। विश्व का हर चौथा व्यक्ति आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। परिवार के लिए भोजन, आवास और रोजगार से किसी व्यक्ति की आर्थिक स्थिति का आकलन किया जाता है। अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल से लोग महंगाई और मंदी से भयभीत हैं। भारत कम आय वाले देशों की श्रेणी में है, यहां महंगाई तथा बेरोजगारी हमेशा से गंभीर समस्या रही है और वर्तमान में रोजगार के लिए करोड़ों लोग भटक रहे हैं। गरीबी हटाओ का नारा देकर कांग्रेस कई दशकों तक केन्द्र और कई प्रदेशों में शासन करती रही। पिछले एक दशक से अधिक समय से भाजपा की केन्द्र और कुछ राज्यों में सत्ता है। भाजपा ने दो करोड़ लोगों को हर साल रोजगार देने का वायदा किया था। रोजगार पाने वालों की सटीक संख्या पता करना कठिन है। सरकार भी रोजगार के बारे में खुलकर नहीं बोल रही है। विपक्षी दल कांग्रेस ने जब रोजगार के बारे में सवाल उठाया तो पकौड़े बेचने वाले का उल्लेख करके रोजगार की बात कही। पकौड़े बेचना स्वरोजगार और व्यापार की श्रेणी में आता है। सरकारी नौकरी को ही रोजगार मानना पूरी तरह उचित नहीं है। निजी क्षेत्र में काम करना रोजगार है। कोरोना महामारी के कारण निजी क्षेत्र में छटनी से लाखों लोग बेरोजगार हो गये। उत्तराखंड में सरकारी क्षेत्र की नियुक्तियों में नकल और पेपर लीक के बाद अनेक बार भर्ती रद्द कर दी गई। बेरोजगारी के कारण उत्तराखंड से पलायन लगातार जारी है। बेरोजगारी के कारण आर्थिक तंगी की समस्या गंभीर होती जा रही है। उत्तराखंड समेत पूरे देश में युवाओं को रोजगार के रास्ते में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस चुनौती है। सरकारी क्षेत्र में कर्मचारियों की संख्या निरंतर कम होती जा रही है। अस्थाई और ठेका प्रथा के तहत सरकारी कामकाज किया जा रहा है। निजी क्षेत्र में छटनी का दौर जारी है। वैश्विक स्तर पर मंदी का असर भारत पर पड़ने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। राजनीतिक नफा-नुकसान से हटकर सरकार को बेरोजगारी और महंगाई को झुठलाने की जगह अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कदम उठाने होंगे।

# होलीकोत्सवः ...अंबा के भवन में खेले होली

## नैनीताल में नारी सेवा समिति के होलीकोत्सव में मची होली गीतों की धूम



**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर की प्रतिष्ठित नारी सेवा समिति मल्लीताल नैनीताल के तत्वावधान में शुक्रवार को होलीकोत्सव-2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान होल्यारों ने एक से बढ़ ?र एक होली गीत गाकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति निदेशालय उत्तराखंड के सहयोग से किया गया।

समिति की अध्यक्ष सरोज हर्ष ने बताया कि महिला होलियारों द्वारा कुमाऊँनी पारंपरिक होली गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। ढोल-मंजीरे की मधुर थाप पर महिलाओं ने पारंपरिक होली गाकर वातावरण को भक्तिमय और उत्सवमय बना दिया। महिला होल्यारों ने सिद्धि को दाता----, फागुनआ रंग भर लायो---,अंबा के भवन में खेले होली----, बाहर आ जाओ बांके बिहारी-होली हो रही हमारी तुमहारी.. जैसे कई होली गीत गाए। कार्यक्रम में लता, मुन्नी, बसंती, दया, शोभा, शांति, रेखा, पूजा, हिमानी एवं ललिता सहित अनेक महिला होलियारों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पारंपरिक रीति से होली उत्सव मनाया तथा सामूहिक नृत्य गायन से कार्यक्रम को सफल बनाया। नैनीताल शहर की बड़ी संखया में महिलाओं की सहभागिता से यह आयोजन अत्यंत सफल एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ।

## होली पर्व को भव्य और व्यवस्थित रूप से मनाने की तैयारियां शुरु

हल्द्वानी। होली पर्व को भव्य और व्यवस्थित रूप से मनाने की तैयारियां शुरु हो गई हैं। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी की अध्यक्षता में प्राचीन रामलीला कमेटी के साथ आयोजित बैठक में होलिका दहन एवं रंगोत्सव की तिथियों और कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में तय किया गया कि 27 फरवरी प्रातः 9:00 बजे सिंधी चौराहा एवं पटेल चौक स्थित होली ग्राउंड में पारंपरिक चीर बंधन किया जाएगा। 2 मार्च को होलिका दहन की पूर्व संध्या पर शाम 5:00 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा, जबकि रात्रि 8:30 बजे सिंधी चौराहा स्थित स्थल पर विधिवत होलिका दहन पूजन संपन्न कराया जाएगा। 4 मार्च को शहर में पारंपरिक रंगोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

## रेलवे ने यात्रियों को बड़ी राहत

**हल्द्वानी** । होली के रंगों से पहले रेलवे ने यात्रियों को बड़ी राहत दी है। त्योहार के दौरान ट्रेनों में बढ़ती भीड़ और लंबी वेटिंग लिस्ट को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल (09075/09076) सुपरफास्ट साप्ताहिक होली विशेष ट्रेन चलाने का ऐलान किया है। इस विशेष गाड़ी के संचालन से मुंबई में कामकाज करने वाले कुमाऊं क्षेत्र के हजारों लोगों को सीधे तौर पर फायदा मिलेगा।रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, त्योहारों के दौरान यात्रियों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम ललित सिंह से बदलकर ललित सिंह बिष्ट रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे ललित सिंह बिष्ट नाम से जाना, पहचाना जाये।
**- ललित सिंह बिष्ट पुत्र हयात सिंह, कौन्ता, पटरानी, जिला नैनीताल**

# सारथी फाउंडेशन समिति का पंचम होली महोत्सव टीमों द्वारा रंगारंग झांकियों का प्रदर्शन किया गया



**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

सारथी फाउंडेशन समिति द्वारा आयोजित पंचम होली महोत्सव में सर्वप्रथम नूपुर नृत्य कला केंद्र के द्वारा गणेश वंदना के बाद आयी हुई सभी टीमों द्वारा रंगारंग झांकियों का प्रदर्शन भी किया गया।

तत्पश्चात महिला होली टीमों के द्वारा होली गायन वादन एवं स्वांग के माध्यम से संदेशात्मक होली का प्रदर्शन कर लोगों का मन मुग्ध किया। इसके साथ ही सभी प्रतिभागीयों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। अंत में सभी ने फूलों की होली का भरपूर आनंद भी लिया। होली महोत्सव का आयोजन मां जगदंबा बैंक्विट हॉल मुखानी रोड में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम प्रतियोगिता के शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल,राज्यमंत्री शंकर कोरंगा,संस्था अध्यक्ष नवीन पंत,सचिव ज्ञानेद्र जोशी,चंद्रशेखर पांडे,गिरीश लोहनी जी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात गणेश वंदना की प्रस्तुति नूपुर नृत्य कला केंद्र द्वारा दी गई तत्पश्चात महिलानों द्वारा कुमाउनी होली गायन, बादन और स्वांग का कार्यक्रम किया गया।और एक एक कर टीमों द्वारा अपना प्रदर्शन किया गया। आज टीम गौरी माहेश्वरी टीम, प्रगति बिहार लाल डांठ ,राधिका होली ग्रुप,संस्कृति समागम कुसुमखेड़ा, जय मां कलिका भगवानपुर, जय ईस्ट देव द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी गयी। महिला होल्यारों द्वारा होली की झांकियों के द्वारा विभिन्न संदेशों के द्वारा प्रदर्शन किया गया। साथ ही फूलों की होली का सभी लोगों ने खूब आनंद उठाया। मुख्य रूप से साइबर अपराध से बचाने,जंगलों को कटाने से बचाना,पहाड़ से पलायन को रोक कर स्वरोजगार को ब ?ावा देना,जागरूक मतदाता बन सही वियक्ति को जनप्रतिनिधि बनाना आदि संदेशों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का कार्य किया गया।

कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव ज्ञानेद्र जोशी ने किया। कार्यक्रम मै विशेष रूप से एक्स डांस क्रू पिलिकोठी के संचालक सौरभ फर्त्याल की टीम के कलाकारों ने विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।संस्था अध्यक्ष नवीन पन्त ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त कर सफल कार्यक्रम की बधाईयां दी।

# फिल्मी दुनिया

## लड़ाई तब होती है जब दो लोग आपस में भिड़ते हैं: कंगना





*तापसी पन्नू और कंगना रनौत बॉलीवुड की दो ऐसी अभिनेत्रियां हैं, जिन्होंने आउटसाइडर होने के बावजूद अपनी दम पर अपनी पहचान बनाई है। दोनों ही अपनी दमदार एक्टिंग के लिए भी सुर्खियां बटोरती हैं। लेकिन दोनों के बीच कैट फाइट भी काफी पुरानी है और अक्सर चर्चा में भी रहती है। हालांकि, तापसी पन्नू का कहना है कि उनकी तरफ से कोई झगड़ा या मनमुटाव नहीं है। यहीं नहीं वो कंगना को अपना सीनियर बताते हुए उनसे दोस्ती करने को भी तैयार हैं।*

*यूट्यूब पर शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान तापसी पन्नू ने कंगना के साथ अपने विवाद पर प्रतिक्रिया दी। कंगना की बहन द्वारा तापसी को कंगना की 'सस्ती कॉपी', 'बी ग्रेड एक्ट्रेस' और 'शी-मैन' कहने के बाद ये विवाद शुरू हुआ था। हालांकि, इस विवाद पर अब तापसी का कहना है कि उन्होंने कभी झगड़ा शुरू नहीं किया और आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि मुझे नहीं पता कि मैंने कभी लड़ाई की है या नहीं। लड़ाई तब होती है जब दो लोग आपस में भिड़ते हैं। मैं कभी नहीं भिड़ी। आप ही बताइए क्या मैंने कभी उनके खिलाफ एक भी बात कही है? आप कहीं भी ये दिखा दें जब मैंने उनके खिलाफ कुछ भी बोला हो।*

### मुझे सस्ती कॉपी कहे जाने पर कोई दिक्कत नहीं

*कंगना की सस्ती कॉपी वाली टिप्पणी पर तापसी ने कहा कि उनकी बहन ने मुझे 'सस्ती नकल' कहा। उनका कहना था कि चूंकि मैं यहां उतनी कमाई नहीं करती, इसलिए मैं सस्ती हूं। अगर वह (कंगना रनौत) इतनी प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं, तो मुझे उनकी नकल कहे जाने से कोई आपत्ति नहीं है। आप मेरा कोई भी बयान निकाल सकते हैं, मैंने उनके खिलाफ कुछ नहीं कहा है।*

# श्री राम सेवक सभा में 30वां फागोतस्व को लेकर हुई प्रेस वार्ता

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

श्री राम सेवक सभा द्वारा 30वां फागोतस्व को लेकर शनिवार को प्रेस वार्ता की गई। जिसमें आगामी फागोत्सव को भव्य एवं व्यवस्थित रूप से आयोजित करने की रुपरेखा बताई गई।

इस दौरान महासचिव जगदीश बवाड़ी ने बताया फागोत्सव 23 फरवरी से 4 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। 23 फरवरी को महिला होली जुलूस एवं स्वांग तल्लीताल से प्रारंभ होगा। 24 फरवरी को महिला दलों की प्रस्तुतियां, 25 फरवरी को महिला होली, 26 फरवरी को स्वर्गीय नवीन लाल साह की स्मृति में स्कूली बच्चों की प्रस्तुतियां आयोजित होंगी। 27 फरवरी को रंग धारण, चीर बंधन एवं आमल एकादशी कार्यक्रम होगा। 28 फरवरी को स्वर्गीय लेफ्टिनेंट अंशुमन नयाल की स्मृति में बाल कलाकारों की प्रस्तुति व पुरुष होली आयोजित की जाएगी। दो दिन बाल कलाकारों द्वारा तल्लीताल व मल्लीताल चार्ट में अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। 1 मार्च को स्वर्गीय चंद्रशेखर साह की स्मृति में होली एकल गायन, 2 मार्च को होली रंग जुलूस व चीर दहन तथा 4 मार्च को सभा भवन में होली आशीष कार्यक्रम होगा। 24 टीमें प्रतिभाग करेंगे।

स्वांग प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय राष्ट्रीय पुरस्कार दिए जाएंगे। फागोत्सव में कुर्मांचल बैंक द्वारा प्रायोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। इस दौरान अध्यक्ष मनोज साह , मुकेश जोशी मंटू, विमल चौधरी, राजन लाल साह, अशोक साह,मोहित लाल साह, प्रो. ललित तिवारी, ललित मोहन साह, कैलाश बोरा, आनंद बिष्ट, हिमांशु जोशी, राजेंद्र लाल साह आदि रहे।



## News कॉर्नर

### प्रो.गीता तिवारी व प्रो.ललित तिवारी देव भूमि उत्कृष्टता सम्मान से हुए सम्मानित





नैनीताल। कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल की रसायन विज्ञान के प्रोफेसर गीता तिवारी तथा वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी को देव भूमि उत्कृष्टता सममान 2026 से शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत द्वारा सममानित किया गया है। बता दें इस पुरस्कार को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु यह सममान दिया गया है । प्रो. गीता तिवारी के 1100 उच्च कोटि के रिसर्च पेपर प्रकाशित हो चुके है तथा 8 शोध छात्र पीएचडी कर चुके है वहीं प्रो. ललित तिवारी निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर तथा पूर्व निदेशक शोध के साथ ही विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान हैं उनके 2100 शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं तथा 47 विद्यार्थी उनके निर्देशन में शोध कर चुके हैं तथा डॉ तिवारी को उत्तराखंड रत्न सहित कई पुरस्कार पूर्व में भी मिल चुके हैं । कुमाऊं विवि परिवार ने दोनों गुरुजनों के सम्मान मिलने पर खुशी जताई है।

# धर्म केवल सनातन है जो पूरे विश्व को दिशा देता है: साध्वी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में शुक्रवार को मां नैना देवी विराट हिंदू सम्मेलन समिति की ओर से डीएसए मैदान में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुखय वकता साध्वी प्राची ने कहा कि राजनीति समाज को तोड़ने का काम करती है जबकि धर्म केवल सनातन है जो पूरे विश्व को दिशा देता है।

उन्होंने कहा कि गद्दारों का भारत में कोई स्थान नहीं है और जो भी देश से गद्दारी करेगा उसे देश छोड़ना होगा। उन्होंने जनसंखया असंतुलन पर चिंता जताते हुए नारा दिया कि घटेंगे तो कटेंगे। उन्होंने कहा कि आज कई प्रांत हिंदू विहीन होते जा रहे हैं। उन्होंने देवभूमि उत्तराखंड सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य से अवैध मदरसों और मजारों को हटाने का कार्य सराहनीय है। साध्वी ने लव जिहाद से बेटियों को बचाने की अपील की और कहा कि काली बनो- कल्याणी बनो- लेकिन बुर्के वाली कभी मत बनो। यूजीसी के संबंध में उन्होंने कहा कि यदि घर के मुखिया से कोई गलती हो जाती है तो उसका सममान करना चाहिए उस पर कीचड़ उछालना उचित नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ किसी भी प्रकार की टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इससे पूर्व सम्मेलन की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुई,उसके बाद कार्यक्रम में स्वामी सच्चिदानंद ने भी मंच से अपने विचार रखे।कार्यक्रम में विधायक सरिता आर्य, दर्जाधारी शांति मेहरा, दिनेश आर्य, प्रो. ललित तिवारी, प्रो. एस.एस. बर्गली, कमलेश, हेम आर्य, कामेश्वर प्रसाद काला, निर्माण मुखर्जी, भूपेंद्र बिष्ट, मोहित साह, अरविंद सिंह पडियार, विक्की वर्मा, प्रेमा अधिकारी तथा ज्योति ढौंडियाल तथा डा. प्रगति जैन आदि कई लोग मौजूद रहे।




### कल को भवाली व मंगोली में होगा भव्य हिन्दू सम्मेलन

**नैनीताल** । नैनीताल जिले के भवाली तथा मंगोली में 22 फरवरी यानी रविवार को भव्य हिंदू सम्मेलन होगा। बता दें भवाली में यह आयोजन पालिका मैदान में होगा। आयोजन को लेकर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं और इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है कार्यक्रम संयोजक संजय वर्मा ने बताया कि यह विराट हिन्दू समेलन देव भूमि धर्म जागरण समिति के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। दूसरी ओर मंगोली/ खुर्पाताल श्रीराम हिन्दू सेवा समिति के तत्वाधान में रविवार को श्रीरामलीला मैदान मंगोली में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है।

# युजीसी की गाइडलाइन में ही भेदभाव : प्रकाश हर्बोला

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

यूजीसी के विरोध में आज सवर्ण शक्ति संगठन द्वारा रामलीला मैदान में जनसभा कर रैली निकाली गयीं और एसडीएम कोर्ट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर सवर्ण शक्ति संगठन के संयोजक प्रकाश हर्बोला ने कहा कि यूजीसी की गाईडलाईन मे ही भेदभाव है जो की प्राकृतिक न्याय के खिलाफ है झूठी शिकायत दंड दर्ज कर उस व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही हो जायेगी, लेकिन गलत शिकायत करने वाले का कुछ नही होगा।जिसकी शिकायत की गई उस व्यक्ति का कैरियर बर्बाद हो जायेगा उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। केंद्रीय मंत्री मा0 धर्मेंद्र प्रधान जी ने कहा है कि किसी के खिलाफ गलत नहीं होगा क्या... आजीवन मंत्री रहेंगे अगर नहीं रहे तो क्या दूसरे मंत्री भी जो आप कहेंगे वही करेंगे, आपने कानून ही ऐसा बनाया जो भेदभाव करता है। हर्बोला ने कहा कि आपने पहले ही एक पक्ष को दोषी मान लिया यह तो उसी प्रकार है जैसा यूपीए सरकार ने एंटी क्रिमिनल बिल बनाया था।दंगा कहीं भी हो दोषी हिंदू ही माने जाएंगे, यहां आपने कहा भेदभाव कोई भी करें दोषी सवर्ण ही माने जाएंगे यह नियम कैसे चल सकता है। सहसंयोजक भुवन भट्ट ने कहा कि हमारे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दास्त नही किया जायेगा, हम किसी वर्ग के खिलाफ नही है, लेकिन उस प्रणाली पर सवाल है जहां न्याय की प्रक्रिया एक तरफ होती दिखाई दे रही है शिक्षा संस्थान डर नहीं संवाद और ज्ञान के केंद्र होने चाहिए हम मांग करते हैं कि नियमों पर पुनर्विचार करना चाहिए सभी छात्रों के लिए सम्मान और समान शिकायत तंत्र बने और निष्पक्षता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहाँ कि स्वर्ण झुकेगा नहीं अपने अधिकारों को लेकर रहेगा हर बार हम स्वर्ण सभी वर्गों का सम्मान करते हैं जहां पर अधिकारों की बात आएगी और अगर समाज को दबाया जाएगा तो आवाज को बुलंद करने में देर नहीं लगेगी इसलिए समय यूजीसी के काले कानून को वापस ले लेना चाहिए। रैली मे जगत सिंह बिष्ट, त्रिलोक सिंह बिष्ट, तरूण वानखेड़े,मनोज अग्रवाल,भुवन भट्ट, प्रताप जोशी, योगेंद्र भट्ट, मदनमोहन जोशी, नवीन पंत, ज्ञानेंद्र जोशी, हर्षवर्धन पांडेय आदि उपस्थित रहे।




# तीन पानी से नरीमन तक सड़क चौड़ीकरण को मिलेगी रफ्तार

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

शहर में तीन पानी चौराहे से नरीमन तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण कार्य को गति देने के लिए प्रशासन ने मंडी पुलिस चौकी के स्थानांतरण की प्रक्रिया तेज कर दी है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासनिक एवं विभागीय स्तर पर लगातार बैठकें आयोजित कर परियोजना को समयबद्ध ढंग से पूरा करने की रणनीति बनाई जा रही है। इसी क्रम में सिटी मजिस्ट्रेट ए.पी. बाजपेयी ने मंडी पुलिस चौकी के शिफ्टिंग संबंधी विषय पर पुलिस क्षेत्राधिकारी, मंडी सचिव तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि सड़क मार्ग से चौकी को शीघ्र हटाकर नई स्थान पर निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ किया जाए, जिससे सड़क चौड़ीकरण कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। सिटी मजिस्ट्रेट ने जानकारी दी कि जिलाधिकारी द्वारा प्राधिकरण विकास मद से मंडी पुलिस चौकी भवन निर्माण हेतु 25 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। उक्त राशि लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित की जा चुकी है। अब भवन निर्माण का कार्य मंडी परिषद द्वारा किया जाएगा, जिसके लिए धनराशि शीघ्र हस्तांतरित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब न हो। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पुलिस विभाग की आवश्यकताओं के अनुरूप भवन के डिजाइन में आवश्यक संशोधन करते हुए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार किया जाए तथा टेंडर प्रक्रिया को जल्द पूर्ण किया जाए। प्रशासन का कहना है कि तीन पानी से नरीमन तक सड़क चौड़ीकरण परियोजना शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तथा पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से प्राथमिकता के आधार पर संचालित की जा रही है। अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि परियोजना निर्धारित समयसीमा में पूर्ण हो सके और शहरवासियों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध हो सके।

# साइबर ठगी का शिकार हुआ युवक, फर्जी ऐप से खाते से उड़ाए 1.87 लाख रुपये

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। ठगों ने फर्जी लिंक और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से उसे जाल में फंसाकर उसके बैंक खाते से कुल 1,87,286.64 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए।

मामले में पीड़ित ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन कुमाऊँ परिक्षेत्र में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। साइबर क्राइम पुलिस को सौंप तहरीर में गौरव तिवारी पुत्र उमेश चन्द्र तिवारी, निवासी कुसुमखेड़ा थाना मुखानी ने कहा है कि उसका खाता भारतीय स्टेट बैंक की कुसुमखेड़ा शाखा में है। कुछ दिन पूर्व उन्होंने अपने मोबाइल फोन में एसबीआई की योनो ऐप डाउनलोड करने का प्रयास किया, जो सफल नहीं हो सका। 05- फरवरी को उनके मोबाइल नंबर पर एक संदिग्ध लिंक प्राप्त हुआ, जिसे 06- फरवरी को एक्सेस करने पर वे अज्ञात व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ गए। ग्रुप में मौजूद एक लिंक के माध्यम से उन्हें प्ले स्टोर पर एसबीआई योनो जैसी दिखने वाली फर्जी ऐप पर भेजा गया। ऐप अपडेट के नाम पर मांगी गई जानकारी उन्होंने भर दी। जानकारी भरने के कुछ समय बाद उनके मोबाइल पर बैंक से संबंधित ओटीपी आने लगे। इसके बाद 06 फरवरी को 50,000 रुपये, फिर 42,575.87 रुपये और 89,710.77 रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। 07 फरवरी को 500 रुपये और 4,500 रुपये की अतिरिक्त निकासी हुई।

इस प्रकार कुल 1,87,286.64 रुपये अज्ञात व्यक्तियों द्वारा इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से निकाल लिए गए। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि अज्ञात साइबर अपराधियों ने फर्जी लिंक भेजकर, मोबाइल हैक कर तथा एसबीआई योनो जैसी हूबहू नकली ऐप के जरिए धोखाधड़ी की। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर धनराशि वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें तथा बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

### कुंभ मेले की तैयारियों की समीक्षा के लिए धर्मनगरी पहुंचे सीएम धामी

हरिद्वार। कुंभ मेला नियंत्रण भवन (सीसीआर) पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने कुंभ मेला 2027 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। इसके साथ उन्होंने राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत 34 प्रमुख कार्यों का शिलान्यास किया। 234.55 करोड़ की लागत के इन स्थायी प्रकृत्ति के कार्यों का उद्देश्य कुंभ मेले के सफल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन के साथ-साथ हरिद्वार शहर के दीर्घकालीन विकास को सुदृढ़ करना है।

# उत्तराखंड बार काउंसिल के मतों की गिनती शुरू

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड बार काउंसिल के 23 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिये हुए मतदान के बाद मतों की गिनती शुक्रवार से नैनीताल क्लब में शुरू हो गई है । शुक्रवार को पहले दिन अल्मोड़ा, रानीखेत, बागेश्वर, चमोली, चंपावत, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, डीडीहाट के जिला व मुंसिफ न्यायालयों के बैलेट बॉक्स खोले गए और इन स्थानों में अधिवक्ताओं द्वारा दिये गए प्रथम वरीयता मत गिने गए।

मतगणना अहमदाबाद से बुलाये गए विशेषज्ञ भवान सेठ कॉलेज ऑफ साइंसेज के प्रिंसिपल व गणितज्ञ प्रो.एच. एस. पटेल, रिटायर्ड प्रोफेसर बी पी ठक्कर आदि की देखरेख में की जा रही है और मुख्य चुनाव अधिकारी हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश राम औतार भी मतगणना स्थल पर मौजूद हैं । मतगणना नैनीताल क्लब के मुख्य सभागार में हो रही है । जिसका सीधा प्रसारण सभागार के बाहर लाउंज में लगी बड़ी स्क्रीन में किया जा रहा है । जहां 23 सदस्यों के लिये चुनाव लड़ रहे 104 प्रत्याशी व उनके समर्थकों की भीड़ लगी है । मतगणना शायं 5 बजे तक जारी रही । अब आगे की मतगणना कल (आज) सुबह 10 बजे से शुरू होगी ।

बार काउंसिल के प्रभारी सचिव विजय सिंह के अनुसार पहले चरण में सभी स्थानों के मतों के प्रथम वरीयता की गिनती होगी । जिसके बाद क्रमशः द्वितीय वरीयता,तृतीय वरीयता,चतुर्थ वरीयता आदि की गिनती होगी । मतगणना के कई दिन तक चलने की संभावना है ।

# बम से उड़ाने की धमकी से नैनीताल जिला कोर्ट में रही सुनसानी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल के जिला कोर्ट को तीन बार बम से उड़ाने की धमकी के बाद से दहशत का माहौल बना हुआ है। जिसको देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के लिए दो गेटों पर ताले जड़कर दो गेटों पर मेटल डिटेक्टर के साथ पुलिस तैनात की है जो कोर्ट में आने वाले की चेकिंग के साथ उसके कोर्ट में आने का कारण भी पूछ रहे हैं।

बता दें कि बीते 16 और 17 फरवरी को जिला कोर्ट के जिला जज की आधिकारिक ईमेल पर कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल मिला था। सूचना के बाद पुलिस ने कोर्ट परिसर में डॉग स्क्वायड व बीडीएस के साथ चेकिंग अभियान चलाया लेकिन कोई बम या कोई संवेदनशील सामग्री नहीं मिली। लेकिन धमकी से कोर्ट परिसर तथा अधिवक्ताओं व वादकारियों में भय बना हुआ था। वहीं बीरवार को की सुबह तीसरे मेल ने दहशत और बढ़ा दी। जिससे न्यायिक कार्य भी बाधित हुए। जिसके चलते कई लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लगातार मिली धमकियों के बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन मुकदमे दर्ज कर दिए हैं। वहीं जिला कोर्ट में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है साथ ही कमिश्नरी व तहसील से कोर्ट परिसर में आने वाले रास्तों के गेटों को भी ताला जड ?र बंद कर दिया है। वहीं कोर्ट के दो मुखय गेटों पर मेटल डिटेकटर लगाकर कोर्ट ने वालों की चेकिंग कर उनके आने का कारण पूछा जा रहा है। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवत प्रसाद ने बताया कि कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकियों के बाद भय का माहौल है। कोर्ट से इस दौरान मामलों में एक पक्षीय कार्रवाई, वारंट व आदेश न करने की अपील की है ।

सीओ रविकांत सेमवाल ने बताया कि जिला कोर्ट की सुरक्षा के लिए पुलिस व एलआईयू तैनात की गई है। संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। कोर्ट में आने वालों की तलाशी के साथ उनके आने का कारण पूछा जा रहा हैं। बिना केस या बिना कार्य के कोर्ट परिसर में लोगों को प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है।

